main outer Ring Road opposite Mangolpuri together with the name of each society and the year of award of the contract;

(b) the present state of construction in the case of each of these projects;

(c) whether it is a fact that in the case of one Housing Society the Architect has pointed out a number of short-comings and defeciencies in construction, which the NBCC is persistently refusing to rectify;

(d) whether in view of the persistently non-cooperative attitude of the NBCC the concerned Architect has, on behalf of the Society, written to the latter to hand over the flats in their present shape and clear out; and

(e) if the answers to (c) and (d) above are in the affirmative what is the reason for this attitude of the NBCC, and whether the Government propose to direct the NBCC to attend immediately the constructional defects ?

THE MINISTER OF URBAN DEVELOPMENT (SHRI MURASOLI MARAN) : (a) and (b) As per statement annexed. (*See* below).

(c) No.

(d) No

(e) Does not arise.

STATEMENT

S. No.	Name of Society	Year of award	Present state of construction
1.	Rajya Sabha Secretariat Employees Cooperative Housing Society Ltd.	1985	130 flats have been handed over to the Society. The remaining 62 flats are in the process of being handed over.
2.	J N U Cooperative Group Housing Society Ltd.	1986	The works are completed except street lighting poles, L.T cubinal boards and some sanitary fittings.
3.	Mausam Cooperative Group Housing Society Ltd.	1987	The Works are completed except some electrical fittings and sanitary fixtures.

दालों का आयात

3710. **सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा** : क्या **खाद्य और नागरिक पूर्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने देश में दालों के उत्पादन में आई गिरावट तथा उनके मूल्यों में तेजी से वृद्धि हो जाने के कारण दालों का आयात करने का निर्णय किया है;

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है; और

(ग) क्या सरकार देश में दालों के मूल्यों में कमी लाने के लिए दालों के आयात पर सद्ग्रहणीय शुल्कों को कम करने पर विचार करेगी ; यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राम पूजन पटेल) : (क) और (ख) स्वदेश में दालों की आपूर्ति में वृद्धि करने की दृष्टि में खुले सामान्य लाइसेंस (ओ.जी.एल.) पर दालों का आयात करने की इजाजत

दी जाती है । दालों का आयात करने के ठेकों के लिए नेफेड पंजीकरण करने वाला प्राधिकरण है और इसने 1990-91 के दौरान (जून, 1990 तक) 132.27 करोड़ रुपये मूल्य की 2.09 लाख मीटरी टन दालों का आयात करने के लिए ठेकों का पंजीकरण किया है । सरकारी खाते पर दालों का आयात करने का इस समय कोई विचार नहीं है । तथापि, सरकार दालों सहित आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों की नियमित रूप से समीक्षा करती है।

(ग) दालों पर आयात शुल्क 35 प्रतिशत मूल्यानुसार से घटाकर 1-11-1989 से 10 प्रतिशत मूल्यानुसार कर दिया गया था । दालों पर लगाए गए आयात शुल्क में और कमी करने के बारे में कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए नौकरियों में आरक्षण

3711. **सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा** : क्या **कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में लगभग चार दशकों से सरकारी और अर्ध-सरकारी नौकरियों में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षण की व्यवस्था चल रही है,

(ख) यदि हां, तो इस व्यवस्था के अंतर्गत 1989 के अन्त तक कितने प्रतिशत परिवारों को लाभ पहुंचाया गया है तथा सरकार ने कुल कितने प्रतिशत परिवारों को इसका लाभ पहुंचाने का लक्ष्य रखा है, और

(ग) क्या सरकार ने इस प्रयोजन के लिए कोई समयबद्ध योजना बनाई है, यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है, और यदि नहीं, तो ऐसी योजना तैयार न कर पाने के क्या कारण हैं ?

श्रम एवम् कल्याण मंत्री (श्री राम विलास पासवान) : (क) जी, हां ।

(ख) तथा (ग) आरक्षण व्यवस्था के अंतर्गत लाभ प्राप्त अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के परिवारों की संख्या के संबंध में सूचना उपलब्ध नहीं है । परिवार आधार पर आरक्षण देने की कोई योजना नहीं है । विभिन्न सरकारी नौकरियों के लिए विभिन्न अर्हताएं अपेक्षित होती हैं और भर्तियां केवल शैक्षिक आदि अर्हताओं और उपयुक्तता के आधार पर ही की जाती है ।

3712. [Transferred to the 4th September 1990.]

वनस्पति घी का उत्पादन

3713. **श्री राम जेठमलानी** : क्या **खाद्य और नागरिक पूर्ति** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि चालू वित्तीय वर्ष के दौरान वनस्पति घी के उत्पादन में लगातार गिरावट आती जा रही है;

(ख) यदि हां, तो गत वर्ष इन्हीं महीनों के दौरान वनस्पति घी का औसत उत्पादन कितना-कितना हुआ था;

(ग) क्या यह भी सच है कि उत्पादन में कमी होने तथा कच्चे माल के मूल्यों में वृद्धि होने के कारण वनस्पति घी के मूल्यों में भारी वृद्धि हुई है; और

(घ) यदि हां, तो जुलाई, 1990 में खुले बाजार में वनस्पति घी का मूल्य कितना था तथा आगामी त्यौहार के महीनों में मूल्यों को नियंत्रित करने के लिए सरकार द्वारा उठाये जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है ?

खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राम पूजन पटेल) : (क) चालू वित्तीय वर्ष के दौरान वनस्पति के उत्पादन में कुछ गिरावट आई है ।

(ख) पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 82000 मी. टन की तुलना में चालू वित्तीय वर्ष के दौरान वनस्पति का औसत मासिक उत्पादन 76200 मी. टन है ।